आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 02.10.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर आज श्री विजयपुरम मे कार्यक्रम आयोजित किया गया है।
- स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में रखा गया है। ।
- आर के नाला पुल के निचले भाग में बड़ी दरारे आ जाने के कारण जिरकाटांग से मिडिल स्ट्रेट तक आने–जाने के लिए ये मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया गया है।
- वृद्धजन दिवस के अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने माता–पिता का सम्मान करना चाहिए।
- दुर्गा पूजा मनाए जाने के सिलसिले में तैयारियां ज़ोरो पर है।

<><><><><><>

गांधी जयंती के अवसर पर आज श्री विजयपुरम में मुख्य समारोह आयोजित होगा। उप–राज्यपाल आज सुबह आठ बजकर पन्द्रह मिनट पर गांधी पार्क पर गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। रामधुन का आयोजन भी होगा। गांधी जयंती के अवसर पर आज द्वीपसमूह में ड्राई डे घोषित की गई है।

<><><><><><>

आज गांधी जयन्ती है। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने सभी द्वीपवासियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा, निस्वार्थ और त्याग के उपासक थे। उप–राज्यपाल ने कहा कि हम सभी उनके सिद्धांतों के अनुकरण के लिए प्रण लें और द्वीपवासियों में व्याप्त एकता, बन्धुत्व और सद्भाव की भावना को बढ़ाते हुए शांति, अहिंसा और न्याय जैसे आदर्शो के प्रति खुद को पुनः समर्पित करने का संकल्प ले। उप–राज्यपाल ने द्वीपवासियों के जीवन में हर्ष तथा समृद्धि आने और द्वीपसमूह के सत्य एवं अहिंसा के मूल्य का पालन करते हुए प्रगति के पथ पर सदैव अग्रसर रहने की कामना की है।

इस बीच, पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने भी द्वीपवासियों को गांधी जयन्ती की हार्दिक शुभकामनांए दी है।

<><><><><><><>

स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर आज जल शक्ति मंत्रालय और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। आकाशवाणी श्री विजयपुरम से इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आज सुबह साढ़े दस बजे से किया जाएगा।

उधर, स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र की ओर से आज सुबह दस बजे सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। गैर सरकारी संगठन विद यू के सहयोग से इसका आयोजन होगा।

<><><><><><><><><><>

मिडिल स्ट्रेट खाड़ी से दस किलोमीटर की दूरी पर आर के नाला पुल के निचले भाग में बड़ी दरारे आ जाने के कारण जिरकाटांग से मिडिल स्ट्रेट तक आने–जाने के लिए ये मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया गया है। दक्षिण अंडमान के ज़िला मजिस्ट्रेट ने सड़क का इस्तेमाल करने वाले लोगों की सुरक्षा और किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोकने के संबंध में यह आदेश जारी किया है।

<><><><><><><><><><>

आज से लेकर आठ अक्टूबर तक वन्य जीव सप्ताह मनाया जा रहा है। उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने अपने संदेश में कहा कि प्रत्येक वर्ष दो से लेकर आठ अक्टूबर तक पूरे देश में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती की वर्षगांठ के साथ वन्य जीव सप्ताह भी मनाया जाता है, जिससे लोगों को वन्य जीव के महत्व के विषय में संवेदनशील बनाया जा सके और वन्य जीवों के आवासों की सुरक्षा तथा संरक्षण के प्रति नागरिकों में अपने उत्तरदायित्व को लेकर जागरूकता उत्पन्न की जा सके। उप–राज्यपाल ने कहा कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह समृद्ध, विविध और अनूठी वन्य जीव श्रृंखला, घने उष्णकटिबंधीय वन, प्रचुर मैंग्रोव, विस्तारित समुद्री

घास के मैदान तथा प्रवाल भित्तियों से परिपूर्ण है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जैव विविधता का एक मान्यता प्राप्त उष्णकटिबंधीय हॉट स्पॉट भी है, जिसे हमें भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना होगा। इन द्वीपों का अद्वितीय पारिस्थितिकीय तंत्र, इको पर्यटन के माध्यम से स्थानीय समुदाय को आजीविका का अवसर प्रदान करता है। हमें अपने अस्तित्व के लिए आर्थिक विकास और प्राकृतिक विरासत की सुरक्षा के बीच संतुलन बनाए रखना होगा। सत्तरवें वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर उप–राज्यपाल ने आने वाले समय में द्वीपसमूह के वन्य जीवों की समृद्ध विरासत की सुरक्षा और संरक्षण के लिए खुद को समर्पित करने को कहा। उन्होंने सभी लोगों से द्वीपसमूह के वन्य जीवों के संरक्षण के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी कल वृद्धजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चिन्मय मिशन, श्री विजयपुरम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचिव केशव चन्द्र मुख्य अतिथि थे। इस वर्ष का विषय था–सम्मान के साथ वृद्धावस्था। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने द्वीपों में वृद्धजन दिवस मनाए जाने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने माता–पिता का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें बुजुर्गों को एक धरोहर के रूप में देखना चाहिए और युवा पीढ़ी से बुजुर्गों का ख्याल रखने का आग्रह किया। इस अवसर पर चिन्मय मिशन के स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती ने बताया कि मिशन की ओर से हर वर्ष बुजुर्गों

के सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में अस्सी वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों को सम्मानित किया गया।

<><><><><>

मोटर वाहन संशोधन अधिनियम दो हजार उन्नीस के तहत अनिवार्य हेलमेट नियम को लागू करने के लिए अंडमान निकोबार यातायात पुलिस विशेष अभियान चलाएगा। अधिनियम के तहत दुपहिया वाहन में यात्रा के दौरान चार वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है और हेलमेट के इस्तेमाल को लेकर यातायात नियमों का उल्लंघन कम करना है। आम जनता से भी कहा गया है कि वे हेलमेट पहन कर वाहन चलाए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें। अत्याधिक धुंआ छोड़ने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा तेज रफ्तार से वाहन चलाने, संशोधित साइलेंसर का उपयोग करने वाले लोगों के फोटो या वीडियो उनके वाहनों के पंजीकरण नम्बर, तिथि और स्थान के साथ व्हाट्सऐप नम्बर नौ पांच तीन एक आठ नौ दो दो आठ या यातायात पुलिस के नियंत्रण कक्ष के फोन नम्बर दो चार तीन आठ एक दो पर भेजे।

<><><><><>

दुर्गा पूजा के अवसर पर श्री शारदा संघ, रामकृष्ण मिशन की ओर से आज शाम साढ़े छः बजे मिशन के बहुद्देशीय हॉल में देवी वंदना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अतुल स्मृति समिति की ओर से आज से नौ अक्तूबर तक समिति परिसर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। आज से प्रत्येक दिन शाम साढ़े छः

बजे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। बारह अक्तूबर को डांडिया और उन्नीस अक्तूबर को विजय सम्मेलन का आयोजन होगा।

इस बीच, दुर्गा पूजा मनाए जाने के सिलसिले में तैयारियां ज़ोरो पर है। द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में पंडालों को तैयार किया जा रहा है। मूर्तिकारों द्वारा भी मां दुर्गा और अन्य देवी–देवताओं की प्रतिमाओं को तैयार किया जा रहा है।

<><><><><><><>

पार्षद धर्मेन्द्र नारायण ने डॉलीगंज निवासी डी एम शकुन्तला के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल निधन हो गया। शव यात्रा आज दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><><>

भूटान में आयोजित सैफ अंडर सेवेन्टीन चैम्पियनशिप में फाइनल मैच में भारत ने बांग्लादेश को दो–शून्य से हराकर ट्रॉफी अपने नाम किया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप पर विभिन्न नगरपालिका सेवाओं की दरों में बढ़ोत्तरी की गई है। जलापूर्ति, स्वच्छता, रोशनी कार्यों के रखरखाव और अन्य आवश्यक मरम्मत जैसे सेवाओं की दरों में संशोधन किया गया है, जिसमें पर्यटकों के लिए सौ रूपये, स्थानीय पर्यटकों के लिए सत्तर, स्थानीय विद्यार्थियों के लिए पचास और वरिष्ठ नागरिकों के लिए पचास रूपये

निर्धारित की गई है। बारह वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों का प्रवेश निशुल्क रहेगा। निर्धारित शुल्क स्वच्छता निरीक्षक या अधीनस्थ कर्मचारी द्वारा लिया जाएगा। ये सेवा शुल्क तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है।

<><><><><><><>